## गुस्ताखी माफ

नवाचार कह लें भले, असली शब्द जुगाड़।
महा जुगाड़ू लोग हम, झंडे रक्खे गाड़।
झंडे रक्खे गाड़, बड़े हम लोग जुगाड़ू।
देते फर्श बुहार, लिये बिन पोंछा–झाड़ू।
कह साहिल कविराय, गजब हैं अपने लक्खन।
पानी को भी बिलो, बना लेते हैं मक्खन।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS






VOL: 11 | ISSUE 156 | TUESDAY 16-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# क्या पंजाब विधानसभा चुनाव में 69 लाख वोटर नहीं डाल सकेगें वोट?

राजदीप सिंह सैनी

पंजाब/यूटर्न/15 जून। बंगाल में करीब एक करोड़ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने के बाद वे वोट नहीं डाल सके। इसी तरह के कुछ संकेत पंजाब में भी देखने को मिल सके हैं। जिसमें राज्य के करीब 69 लाख वोटर अनट्रेस पाए गए हैं। जिसके चलते आने वाले विधानसभा चुनाव में वोटों का बड़ा झोल हो सकता है। इससे पंजाब की राजनीति में बड़ी हलचल होने वाली है, क्योंकि इसका नुकसान हर राजनीतिक पार्टी को होगा।

सोशल मीडिया पर आंकड़ों की तेजी से तस्वीरें वायरल हो रही है। जिसमें पंजाब के सबसे बड़े शहर लुधियाना में ही 6 लाख 35 हजार 877 वोटर अनट्रेस मिलने के दावे किए गए हैं। इसमें कई वोटर ट्रेस नहीं हो सके या अपने पते पर नहीं मिले। इस संबंधी जब उच्च अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने दबी जुबान से पुष्टि करते हुए कहा कि यह सर्वे कहीं न कहीं सही है।

अगर यह आंकड़े सही है तो इस मुताबिक पूरे पंजाब में करीब 69 लाख वोटर अनट्रेस है। जिसके चलते इनके नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा सकते हैं। यानि कि 23.6 प्रतिशत वोटर इस बार वोट नहीं डाल सकेगें। हालांकि अभी एसआईआर सर्वे होना बाकी है। चर्चा है कि नवंबर 2026 में चुनाव का बिगुल बज जाएगा। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल भी इस बात का खुलासा कर रहे हैं। अगर ऐसे वोटरों के नाम लिस्ट में कट गए तो पार्टियों को बड़ा झटका लगेगा। क्योंकि समय इतना कम है कि इसे ट्रेस कर सही भी नहीं किया जा सकेगा।




सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरें

## 100 वोटरों में 24 अनट्रेस

चर्चा है कि यह हालात सिर्फ लुधियाना नहीं बल्कि राज्य के बाकी 23 जिलों में भी देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में एक अनुमान के मुताबिक राज्य में कुल वोटर करीब ढ़ाई करोड़ है। अगर सभी जिलों से 3 लाख वोटर भी अनट्रेस हैं, तो उस मुताबिक स्टेट में 27.6 प्रतिशत वोटर लापता है। यानि कि हर 100 वोटर के पीछे 24 वोटर अनट्रेस हैं।

## लुधियाना के साउथ हल्के में सबसे ज्यादा लापता

वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में लुधियाना के अलग अलग हल्कों की जानकारी दी गई है। जिसके मुताबिक जिले के 14 विधानसभा हल्कों में कुल 26 लाख 84 हजार 361 वोटर हैं। जिसमें से 6 लाख 35 हजार 877 लापता है। इसमें लुधियाना साउथ के 71877, गिल के 68930, ईस्ट के 68331, वेस्ट के 56021 और नॉर्थ में 59681 वोटर शामिल हैं। इस मुताबिक शहर के 23.6 प्रतिशत वोटर इस बार वोट नहीं डालेंगे।

## क्या बोग्स वोटिंग होगी बंद

चर्चा है कि यह वे वोटें हैं, जो चुनाव के समय पड़ती ही नहीं थी। जिनके जरिए बोग्स वोटिंग करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे में अगर इतनी भारी मात्रा में वोट काटी जाती है, तो इस बार विधानसभा चुनाव 2027 में बोग्स वोट नहीं डाली जा सकेगी। हालांकि पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में करीब 71 प्रतिशत वोट पड़ी थी। पहले ही 30-40 प्रतिशत वोट कम पड़ती है। ऊपर से अगर यह 27.6 प्रतिशत वोट भी कट गई, तो वोट प्रतिशत भी काफी घट जाएगा।

## कम मार्जन पर जीतेगें उम्मीदवार

ऐसे में अगर कुल वोट का चौथा हिस्सा काट दिया गया और पहले ही 30-40 प्रतिशत वोटर वोट नहीं डालते, तो यह चुनावी उम्मीदवारों के लिए बड़ी समस्या खड़ी करने वाले संकेत हैं। ऐसे में उम्मीदवार काफी कम मार्जन में जीत हासिल कर सकेगें।

## चुनाव में होता है सरकार को नुकसान

बता दें कि सरकार द्वारा राज्य की जनता के लिए कई सुविधाएं लाई जाती है, लेकिन इसका मुख्य फायदा पंजाब में दशकों से रह रहे लोगों को काफी कम मिल पाता है। गेहूं और राशन किट योजना भी उन्हीं में से एक है। जिन लोगों को फायदा मिलता है, उसमें ज्यादातर पंजाब के पक्के वासी नहीं होते। हालांकि पहले सरकारें इस पर ध्यान नहीं देती और फिर चुनाव में नुकसान होता है। क्योंकि जिन्हें फायदा मिला, उनके वोटर कार्ड नहीं होते और जिन्हें नहीं मिलता, वे सरकार की कार्यप्रणाली से नाखुश होकर वोट नहीं डालते। ऐसे में सरकार को इस पर ध्यान देने की जरुरत है।



## क्या पंजाब वासियों को मिल रहा मेरी रसोई का लाभ ?

पंजाब सरकार द्वारा मेरी रसोई राशन किट योजना शुरू की। यह किट स्मार्ट राशन कार्ड धारकों को मिल रही है। सरकार मुताबिक लगभग 40 लाख परिवारों को यह किट दी जा रही है। लेकिन अब सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि पंजाब में 40-50 सालों से रह रहे कई परिवारों के राशन कार्ड ही नहीं बने। जिसके चलते उन्हें यह सुविधा ही नहीं मिल पा रही। जबकि दूसरे लोगों को किटें दी जा रही है। ऐसे में चर्चा छिड़ गई है कि आखिर पंजाब के लोगों के राशन कार्ड बनाने को तो सुविधा बंद होने के दावे किए जाते हैं, फिर दूसरे लोगों के कार्ड कैसे बन गए।

## सीएम की वीडियो पर विवाद

वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार द्वारा बड़ा बयान दिया गया है। उन्होंने वीडियो को असली बताया और कहा कि उसमें सीएम भगवंत मान ही है। उन्होंने सीएम मान को पंथ विरोधी बताया। जिसके चलते चचाएं छिड़ गई है कि जल्द चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में अब आरोपों की शुरूआत हो चुकी है।

# जयपुर प्रोटेस्ट के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके को मारा थप्पड़

चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। जयपुर में एक प्रोटेस्ट के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके को कथित तौर पर कुछ लोगों ने थप्पड़ मारा। जब यह कथित घटना हुई, तब सपोर्टर दिपके को अपने कंधों पर उठाए हुए थे, जिससे थोड़ी देर के लिए जगह पर हंगामा हो गया। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो में दिख रहा है कि जब सिक्योरिटी वॉलंटियर और सपोर्टर उन्हें भीड़ से निकालने की कोशिश कर रहे थे, तो हाथापाई शुरू हो गई। दिपके ने कहा कि जब मैं अंदर जा रहा था तो मुझे पीटा गया।



भले कितना हमला हो, हमें हाथ नहीं उठाना है। हाथ डरपोक लोग उठाते हैं। एक नहीं सौ हमले कर लो, हम चुप नहीं कर सकते।

**मंत्री कहते हैं बड़ी बात नहीं...** उसने कहा कि राजस्थान के मंत्री कहते हैं कि नीट लीक कोई बड़ी बात नहीं है। आपने अपने बच्चों को अमेरिका भेजा है, मैं अमेरिका में था, मैंने उनके साथ पढ़ाई की है। पिछले साल झालावाड़ में एक स्कूल गिर गया था जिसमें 6-7 छात्र मारे गए थे, लेकिन अगर किसी विधायक के बच्चे होते फिर। मैं महामानव से पूछना चाहता हूँ, आपने रूस-यूक्रेन युद्ध तो रोक दिया लेकिन आप पेपर लीक नहीं रोक सके। आप मुझे पाकिस्तानी कहते हैं, यहाँ इकट्ठा हुए लोगों को पाकिस्तानी कहते हैं और आप सवाल पूछने वाले मीडिया को पाकिस्तानी कहते हैं। दीपके की बातों पर भीड़ के कुछ हिस्सों ने जोरदार तालियाँ बजाईं, जबकि कुछ मौजूद लोगों ने परीक्षा घोटालों में कथित तौर पर शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्लेकार्ड भी उठाए।

## कॉकरोच पार्टी ने खींचा ध्यान

इस साल की शुरूआत में कॉकरोच जनता पार्टी शुरू करने वाले सोशल मीडिया पर्सनैलिटी दिपके ने अपने सटायरिकल पॉलिटिकल कैंपेन, नुक्कड़ भाषणों और मेनस्ट्रीम पॉलिटिकल पार्टियों की आलोचना के लिए ध्यान खींचा है। वह कई राज्यों में घूम रहे हैं, और बेरोजगारी और शिक्षा से लेकर गवर्नेंस और करप्शन जैसे मुद्दों पर सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। उनके इवेंट्स में अक्सर बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स और युवा वोटर्स आते हैं, खासकर कॉम्पिटिटिव एग्जाम्स से जुड़े विवादों के बाद। जयपुर में हुई सभा एक बड़े आउटरीच प्रोग्राम का हिस्सा थी जिसका मकसद युवाओं को शिक्षा और रोजगार से जुड़ी चिंताओं के बारे में बताना था।

# डीआईसी लुधियाना और मोगा के नए जीएम बने सुखमिंदर सिंह रायखी, CICU ने दी बधाई



लुधियाना/यूटर्न/15 जून। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उद्योग केंद्र (DIC), लुधियाना का दौरा कर श्री सुखमिंदर सिंह रायखी को उनकी पदोन्नति और डीआईसी लुधियाना व मोगा के महाप्रबंधक (जीएम) नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीआईसीयू के अध्यक्ष एस. उपकार सिंह आहूजा ने कहा कि श्री रायखी पिछले करीब 35 वर्षों से पूरी ईमानदारी, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ औद्योगिक क्षेत्र की सेवा कर रहे हैं। उद्योग से जुड़े मुद्दों की उनकी गहरी समझ और लंबे अनुभव ने उन्हें उद्योग जगत और सहयोगियों के बीच विशेष पहचान और सम्मान दिलाया है। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में डीआईसी लुधियाना और मोगा औद्योगिक इकाइयों को और बेहतर सहयोग प्रदान करेगा तथा विनिर्माण क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

इस दौरान श्री सुखमिंदर सिंह रायखी ने सीआईसीयू प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह उद्योग जगत के साथ मिलकर कार्य करते रहेंगे और उद्योग से जुड़े मुद्दों के समाधान को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि औद्योगिक इकाइयों को समय पर सहायता और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में एस. उपकार सिंह आहूजा (अध्यक्ष, सीआईसीयू), हनी सेठी, डॉ. एस.बी. सिंह, गौतम मल्होत्रा, दीदारजीत सिंह लोटे, अजय भारती, अमित शर्मा, सुमित बजाज और जसविंदर सिंह ठुकराल मौजूद रहे।

# कमल अरोड़ा पर FIR से सियासत गरमाई, अकाली दल ने बताया राजनीतिक बदले की कार्रवाई

लुधियाना/यूटर्न/15 जून। शिरोमणि अकाली दल ने पार्टी के काउंसलर कमल अरोड़ा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर सरकार पर सीधा हमला बोला है। पार्टी ने इस कार्रवाई को



राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि विपक्ष की आवाज को प्रशासनिक दबाव के जरिए दबाने की कोशिश की जा रही है। अकाली दल ने जारी बयान में कहा कि काउंसलर कमल अरोड़ा लगातार अपने वार्ड के लोगों के जायज मुद्दों को अधिकारियों तक पहुंचाते रहे हैं। पार्टी का आरोप है कि कुछ अधिकारी सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं और जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को नजरअंदाज कर गैर-निर्वाचित लोगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि एक मामूली विवाद को आधार बनाकर किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि पर मामला दर्ज करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के खिलाफ है। अकाली दल ने पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। साथ ही पार्टी ने संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग उठाई है। बयान में कहा गया कि जरूरत पड़ने पर अधिकारियों के कामकाज और संपत्तियों की विजिलेंस जांच के लिए कानूनी रास्ता भी अपनाया जाएगा। अकाली दल ने कहा कि मामले को जल्द ही पार्टी अध्यक्ष के संज्ञान में लाया जाएगा ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सके और न्याय सुनिश्चित हो।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कमर्शियल ऑपरेशन शुरू, इंडिगो ने पहली पैसेंजर फ्लाइट ऑपरेट की

चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। सोमवार को जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने देश के सिविल एविएशन मैप में अपनी जगह बना ली। यहाँ कमर्शियल पैसेंजर फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गए और इंडिगो का विमान इस सुविधा का इस्तेमाल करने वाली पहली शेड्यूल्ड फ्लाइट बना। पहली फ्लाइट लखनऊ से आई, जिससे भारत के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स में से एक माने जाने वाले इस एयरपोर्ट का ऑपरेशनल लॉन्च हुआ। उम्मीद है कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश और नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) के लिए एयर कनेक्टिविटी को काफी बेहतर बनाएगा और साथ ही दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दबाव कम करेगा। इंडिगो इस एयरपोर्ट से शेड्यूल्ड सर्विस शुरू करने वाली पहली एयरलाइन है और उसकी योजना जेवर को अलग-अलग चरणों में 16 डेस्टिनेशन से जोड़ने की है। नए एयरपोर्ट से एयरलाइन के नेटवर्क में लखनऊ पहला शहर है और आने वाले हफ़्तों में दूसरे शहरों के लिए भी सर्विस शुरू की जाएंगी। एयरपोर्ट को जरूरी रेगुलेटरी और सिक्योरिटी मंजूरी मिलने के बाद कमर्शियल ऑपरेशन शुरू हुए। उम्मीद है कि अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी जल्द ही इस एयरपोर्ट से सर्विस शुरू करेंगी।




## फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गए

हालांकि फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गए हैं, लेकिन एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी अभी भी एक चुनौती बनी हुई है। मेट्रो लिंक अभी भी बन रहे हैं, और फिलहाल पैसेंजर्स को एयरपोर्ट तक पहुँचने के लिए मुख्य रूप से सड़क परिवहन, जैसे टैक्सी और बसों पर निर्भर रहना होगा। राज्य प्रशासन ने हाल ही में 'लास्ट-माइल कनेक्टिविटी' को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बस सर्विस शुरू की हैं। अब जब कमर्शियल ऑपरेशन शुरू हो गए हैं, तो जेवर एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में दूसरे बड़े एविएशन गेटवे और उत्तरी भारत में आर्थिक विकास के एक अहम ड्राइवर के तौर पर उभरने के लिए तैयार है।

## 11,२०० करोड़ निवेश से विकसित एयरपोर्ट

पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत लगभग 11,200 करोड़ रुपए के निवेश से विकसित इस एयरपोर्ट के पहले चरण की सालाना पैसेंजर हैंडलिंग क्षमता 12 मिलियन है। पूरी तरह से विस्तार होने पर, यह सुविधा सालाना 70 मिलियन तक पैसेंजर्स को हैंडल कर सकेगी, जिससे यह देश के सबसे बड़े एविएशन हब में से एक बन जाएगा। यह लॉन्च कई सालों की देरी के बाद हुआ है और इसे उत्तर प्रदेश के लिए एक बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर माइलस्टोन के तौर पर देखा जा रहा है। उम्मीद है कि यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और आस-पास के ज़िलों में टूरिज्म, ट्रेड, लॉजिस्टिक्स और इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देगा।

# बीमारियों का खतरा बढ़ा, लोग बोले- पानी की जांच जरूरी

## उल्टी-दस्त और बुखार से सहमे लोग, स्वास्थ्य विभाग ने लिए पानी के सैंपल

जीरकपुर/यूटर्न/15 जून। भीषण गर्मी के बीच जीरकपुर और आसपास के इलाकों में मौसमी बीमारियों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले करीब एक सप्ताह से ढकोली, बलटाना और अन्य रिहायशी क्षेत्रों में उल्टी-दस्त, पेट दर्द और बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोग बीमारी का कारण दूषित पानी और गर्मी में खानपान की लापरवाही को मान रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए अलर्ट मोड पर आ गया है।



ढकोली हेल्थ सेंटर में रोजाना करीब 25 से 30 मरीज उल्टी-दस्त, पेट दर्द और बुखार की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। इनमें से कई मरीजों को हालत गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार आज भी करीब 10 से 12 मरीजों को उपचार के लिए भर्ती किया गया। स्थानीय निवासी राजेश कुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से इलाके में कई घरों में लोग पेट दर्द और उल्टी-दस्त से परेशान हैं। उन्होंने कहा, हगर्मी तो हर साल पड़ती है, लेकिन इस बार बीमारी ज्यादा फैल रही है। पानी की क्वालिटी की जांच जरूरी है, क्योंकि लोगों को शक है कि समस्या पानी से जुड़ी हो सकती है। बलटाना निवासी सुमन देवी ने बताया कि उनके परिवार में दो सदस्य बीमार हो चुके हैं। उन्होंने कहा, बच्चों को बुखार और पेट दर्द की शिकायत हुई। डॉक्टर ने साफ पानी पीने और बाहर का खाना न खाने की सलाह दी है। प्रशासन को पानी की सप्लाई की नियमित जांच करनी चाहिए। ढकोली क्षेत्र के एक अन्य निवासी अमित शर्मा ने कहा कि कई जगह पानी में बदबू और गंदगी की शिकायत पहले भी सामने आती रही है।

# देवेंद्र पांचाल ने लेबर फेड हरियाणा के चेयरमैन का कार्यभार संभाला

पंचकूला/यूटर्न/15 जून। देवेंद्र पांचाल (पूंडरी) ने सोमवार को लेबर फेड हरियाणा के मुख्यालय, सेक्टर-2, पंचकूला में चेयरमैन पद का कार्यभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर हरियाणा सरकार के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया तथा पूर्व मेयर एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने देवेंद्र पांचाल का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। लेबर फेड के प्रबंध निदेशक वीरेन्द्र दहिया, कार्यकारी अभियंता सर्वजीत सिंह, उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) अमन धीमान सहित मुख्यालय का समस्त स्टाफ भी इस अवसर पर मौजूद रहा। हरियाणा के विभिन्न जिलों से पहुंचे हजारों कार्यकताओं, शुभचिंतकों और सहकारी क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर देवेंद्र पांचाल का भव्य स्वागत किया। समारोह में उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।



पेज 06 पुरुषोत्तम मास एकादशी पर प्राचीन हनुमान मंदिर...




# पूर्व मंत्री अरोड़ा की जमानत याचिका खारिज, नहीं मिल सकी राहत



लुधियाना/यूटर्न/15 जून। पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता संजीव अरोड़ा के मामले में सोमवार को गुरुग्राम कोर्ट में सुनवाई हुई। लेकिन इस दौरान उन्हें राहत नहीं मिली है। अदालत ने उनकी जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही संजीव अरोड़ा 26 जून तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। संजीव अरोड़ा को 9 मई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। मामले में जमानत याचिका पर 8 जून को दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हुई थीं। सुनवाई के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब गुरुग्राम कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत के इस फैसले के बाद संजीव अरोड़ा को फिलहाल जेल में ही रहना होगा और वह 26 जून तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे।

## भाजपा की जीत के लिए करेंगे अथक प्रयास - एडवोकेट पारस शर्मा



लुधियाना/यूटर्न/15 जून। भारतीय जनता पार्टी के वार्ड नंबर 68 से युवा नेता एवं एडवोकेट पारस शर्मा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लुधियाना आगमन के दौरान उनसे विशेष मुलाकात की। इस अवसर पर पंजाब में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। एडवोकेट पारस शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जो आगामी चुनावों में पार्टी के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे।

## न्यू यंग फाइव स्टार क्लब प्रधान युवारत्न राजेश जैन बॉबी को वरिष्ठ मार्गदर्शक प्रतिष्ठित

लुधियाना/यूटर्न/15 जून। श्री आल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कांफ्रेस नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की ओर से न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के प्रधान युवारत्न राजेश जैन बॉबी को वरिष्ठ मार्गदर्शक की गरिमामय सेवा के लिए प्रतिष्ठित करते है। उन्होंने युवारत्न राजेश जैन बॉबी को जैन समाज के



धार्मिक, सामाजिक व मानव कल्याण की गतिविधियों बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रतिष्ठित किया गया है। उन्होंने राजेश जैन को बधाई देते हुए कहा कि आप अपनी प्रतिभा, प्रतिष्ठा और सेवा भावना से जैन कांफ्रेस के इस गरिमामय सेवा में बेहतरीन सेवाएं देंगे। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के प्रधान राजेश जैन बॉबी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति और विश्व रक्तदान दिवस पर अपनी टीम व सहयोगियों का धन्यवाद करते कहा कि इन सब के सहयोग से हर वर्ष लग रहे विशाल खूनदान कैंप कारण न्यू यंग फाइव स्टार क्लब को समाज में अलग पहचान मिली है। युवा रत्न राजेश जैन बॉबी अगुवाई में अभी तक न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के बैनर तले 49 विशाल खूनदान महोत्सव लग चुके है जिससे 12 हजार 500 ब्लड यूनिट इकट्ठे कर समाज के गरीब व जरूरतमंद मरीजों को खून देकर नई जिंदगी दी जा चुकी है।

## चरणप्रीत सिंह लांबा को वाइस चेयरमैन बनने पर किया सम्मानित

लुधियाना/यूटर्न/15 जून। लोकसभा इंचार्ज एवं पंजाब मीडियम इंडस्ट्री के वरिष्ठ वाइस चेयरमैन शरणपाल सिंह मक्कड़ ने पंजाब खत्री अरोड़ा वेलफेयर बोर्ड जिला लुधियाना का वाइस चेयरमैन



नियुक्त होने पर चरणप्रीत सिंह लांबा को व्यक्तिगत रूप से मिलकर सम्मानित किया। इस दौरान मक्कड़ परिवार की ओर से लांबा परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। शरणपाल सिंह मक्कड़ ने पार्टी हाईकमान और पंजाब खत्री अरोड़ा वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन राजिंदर सिंह बसंत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति चरणप्रीत सिंह लांबा की मेहनत और सेवाओं को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि लांबा इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, लगन और मेहनत से निभाएंगे। वहीं चरणप्रीत सिंह लांबा ने सम्मान के लिए शरणपाल सिंह मक्कड़ का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। लांबा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत को और मजबूत करने के लिए वह लगातार मेहनत करेंगे।

## 7 दिवसीय समर कैंप के माध्यम से झुग्गी-बस्ती के बच्चों को किया सशक्त



लुधियाना/यूटर्न/15 जून। आस-एहसास एनजीओ द्वारा जस्सियां, लुधियाना में वंचित एवं जरूरतमंद समुदायों के बच्चों के लिए 7 दिवसीय समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों को शिक्षा, रचनात्मकता, जागरूकता, फिटनेस और मनोरंजन का संतुलित अवसर प्रदान करना था। कैंप में प्रतिदिन लगभग 100 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का नेतृत्व युवा स्वयंसेवकों रयान खन्ना, जो फ्लेम यूनिवर्सिटी में बीए (ऑनर्स) साइकोलॉजी के छात्र हैं, तथा सुरसिमरत कौर, जो नर्सी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एनएमआईएमएस) में बी.कॉम (ऑनर्स) की छात्रा हैं, ने किया। 6 से 12 जून तक चले इस सप्ताहभर के कैंप की शुरूआत बेसिक भूगोल सत्र से हुई।

# ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे घुसी कार, युवक-युवती की मौत:, एक युवती की हालत नाजुक



लुधियाना/यूटर्न/15 जून। संगरूर जिले में भारतमाला हाईवे पर भवानीगढ़ के पास एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार एक युवक और एक युवती की मौत हो गई, जबकि उनकी एक अन्य महिला मित्र गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली का रहने वाला प्रिंस कुमार अपनी दो महिला दोस्तों, सानिया सिद्दीकी और माहिरा के साथ कार से जम्मू-कटड़ा (माता वैष्णो देवी) दर्शन के लिए जा रहा था। प्रिंस का भाई भी अपनी अलग कार में उनके पीछे-पीछे आ रहा था। जब उनकी कार भारतमाला हाईवे पर भवानीगढ़ तहसील के गांव फग्गूवाला के पास पहुंची, तो आगे चल रहे एक ट्रक के चालक ने बिना कोई इंडिकेटर या इशारा दिए अचानक तेज ब्रेक लगा दिए।

**कार से परखच्चे उड़े, कड़ी मशक्कत से घायलों को निकाला...** ब्रेक लगते ही पीछे आ रही प्रिंस की कार ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। पीछे से आ रहे परिजनों और राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे घायलों को निकाला और सरकारी अस्पताल भवानीगढ़ पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्रिंस कुमार और माहिरा को मृत घोषित कर दिया। सानिया सिद्दीकी का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# पंचकूला को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए पुलिस की बड़ी पहल, विशेष टीम गठित

## बच्चों से भीख मंगवाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, हेल्पलाइन नंबर भी जारी





पंचकूला/यूटर्न/15 जून। पंचकूला पुलिस ने शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों, ट्रैफिक सिग्नलों, बाजारों, अस्पतालों और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने तथा जरूरतमंद लोगों के पुनर्वास के लिए छह सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया गया है, जिसने सोमवार से अपना कार्य शुरू कर दिया।

पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने कहा कि पंचकूला को सुरक्षित, व्यवस्थित और अपराधमुक्त शहर बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों, विशेषकर बच्चों को इस दुष्चक्र से बाहर निकालकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनका पुनर्वास कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमारी के नेतृत्व में छह पुलिसकर्मियों की विशेष टीम गठित की गई है। यह टीम बस स्टैंड, बाजार, ट्रैफिक सिग्नल, धार्मिक स्थल, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगातार निगरानी रखेगी तथा भिक्षावृत्ति में शामिल लोगों की पहचान करेगी। इसके साथ ही सामाजिक संस्थाओं और पुनर्वास केंद्रों के सहयोग से जरूरतमंद लोगों के पुनर्वास की भी व्यवस्था की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि बच्चों से भीख मंगवाना गंभीर अपराध है। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 76 के तहत बच्चों को भीख मांगने के लिए मजबूर करने या उनका इस्तेमाल करने पर पांच वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

वहीं यदि किसी बच्चे को अपंग बनाकर या उसके साथ क्रूरता कर भीख मंगवाई जाती है तो दोषी को सात से दस वर्ष तक की कठोर कैद और पांच लाख रुपये तक जुर्माना हो सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई अभिभावक या परिजन अपने बच्चों से भीख मंगवाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पंकज नैन ने कहा कि ट्रैफिक सिग्नलों और चौराहों पर अचानक भीख मांगने वालों के सामने आने से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसके अलावा ऐसी गतिविधियों की आड़ में आपराधिक तत्वों के छिपे होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

पुलिस ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए विशेष हेल्पलाइन नंबर 8146630022 जारी किया है। किसी भी नागरिक को यदि सड़क किनारे, चौराहे या किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई व्यक्ति भीख मांगता दिखाई दे या बच्चों से जबरन भीख मंगवाने की जानकारी मिले तो वह इस नंबर पर सूचना दे सकता है। पुलिस का कहना है कि सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# वेदांश जैन ने जूनियर एशियन गोल्फ टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया

चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। युवा गोल्फ खिलाड़ी वेदांश जैन ने थाईलैंड के फुकेट स्थित ब्लू कैन्यन कंट्री क्लब में आयोजित प्रतिष्ठित जूनियर एशियन गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। यह टूर्नामेंट 13 और 14 जून 2026 को आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिभाशाली जूनियर गोल्फ खिलाड़ियों ने भाग लिया।

वेदांश जैन ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और केवल एक शॉट के अंतर से पहला स्थान पाने से चूक गए। उन्हें प्रथम उपविजेता रहने पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि ने परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। वेदांश जैन



चंडीगढ़ हाईकोर्ट के एडवोकेट वीरेन जैन के पुत्र और सीनियर एडवोकेट पीयूष कांत जैन के पोते हैं। परिवारजनों और शुभचिंतकों ने वेदांश की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए




कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। वेदांश की सफलता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है।

# ड्रग फ्री हरियाणा अभियान को लेकर पंचकूला में विमर्श, नशा तस्करी को पूरी तरह ध्वस्त करने का संकल्प



अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/15 जून। हरियाणा को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'ड्रग फ्री हरियाणा' अभियान के तहत सोमवार को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक विशेष विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर नशे के खिलाफ जनजागरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी सुनील दलाल ने कहा कि हरियाणा में मादक पदार्थों की तस्करी की कमर तोड़ने में पुलिस को सफलता मिली है और भविष्य में इस नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से होने वाली अवैध नशीले पदार्थों की सप्लाई को रोकना बड़ी चुनौती है, जिस पर पुलिस लगातार काम कर रही है। विमर्श की अध्यक्षता करते हुए पंचकूला की डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 'नशामुक्त हरियाणा' के सपने को साकार करने के लिए पुलिस विभाग व्यापक अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस और शैक्षणिक संस्थानों की साझेदारी से ही इस गंभीर सामाजिक समस्या का प्रभावी समाधान संभव है।

मुख्य वक्ता डॉ. लीजु ने युवाओं को देश की धरोहर बताते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है, इसलिए उनका स्वस्थ और नशामुक्त रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डीएसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि नशामुक्ति केंद्रों को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा ताकि स्वस्थ हरियाणा के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। वहीं, पीआरओ आउटरीच राजीव रंजन ने कहा कि युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहकर समाज के लिए आदर्श बनना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इंस्पेक्टर मांगे राम की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा आईटीआई और विभिन्न सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी तथा शिक्षक भी मौजूद रहे।

# मजदूर की बेटी को IIT गुवाहाटी में मिला दाखिला, प्रशासन और समाज ने बढ़ाया हाथ




लुधियाना/यूटर्न/15 जून। साहनेवाल की रहने वाली दिहाड़ीदार मजदूर की बेटी हरप्रीत कौर ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर देश के प्रतिष्ठित संस्थान IIT गुवाहाटी में दाखिला हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। हरप्रीत का चयन इ.दू ऑनर्स इन डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स के लिए हुआ है।

हरप्रीत ने वर्ष 2023 में दसवीं कक्षा में 94 प्रतिशत और वर्ष 2025 में बारहवीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अलावा उसने ळीूंझी चयन प्रक्रिया के सभी चरण—लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू—सफलतापूर्वक पास किए।

आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए 50 हजार रुपये दाखिला फीस जमा करवाना मुश्किल था। हरप्रीत के पिता खेत मजदूर हैं और परिवार की मासिक आय करीब 10 हजार रुपये है। मामला सामने आने पर डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन आईएएस ने तुरंत मदद करते हुए हरप्रीत को एक लाख रुपये का चेक सौंपा।

इसके साथ ही उद्योगपति राकेश भारती मित्तल के नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट ने हरप्रीत की पूरी पढ़ाई का खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। प्रशासन और समाज के इस सहयोग से हरप्रीत का क्क्ळ का सपना साकार हो सकेगा।



पेज 12 ईरान-अमेरिका शांति समझौता लगभग...

# मंदिर विवाद से जुड़े आत्महत्या मामले में आरोपितों को राहत, हाई कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि केवल पारिवारिक या सामाजिक विवाद के आधार पर किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने मामले में नामजद आरोपितों को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी। जस्टिस एन.एस. शेखावत ने गुरचरण सिंह और अन्य की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई प्रथमदृष्टया साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि आरोपितों ने मृतक को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया था या उसकी आत्महत्या में उनकी कोई प्रत्यक्ष भूमिका थी। मामला बठिंडा जिले के कोटफत्ता थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां 16 मार्च 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108, 191(3) और 190 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपितों की कथित प्रताड़ना के कारण एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि एफआईआर में आरोपितों के खिलाफ कोई ठोस और विशिष्ट आरोप नहीं हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि शिकायतकर्ता यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि कथित तौर पर किस प्रकार का व्यवहार मृतक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाला था।




## हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं

रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद अदालत ने पाया कि मामले में आरोपितों से हिरासत में पूछताछ की कोई आवश्यकता नहीं है। इस आधार पर हाई कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जमानत देने का यह आदेश मामले के अंतिम निस्तारण पर कोई टिप्पणी नहीं है और जांच एजेंसियां तथा ट्रायल कोर्ट कानून के अनुसार अपनी स्वतंत्र प्रक्रिया जारी रखेंगे।

## मंदिर निर्माण को लेकर चल रहा था विवाद

बचाव पक्ष के अनुसार दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं और गांव में सड़क किनारे मंदिर निर्माण को लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते आरोपितों को मामले में फंसाया गया है।

## उकसावे के स्पष्ट प्रमाण जरूरी

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध तभी बनता है जब आरोपी के व्यवहार में स्पष्ट रूप से उकसावा, दबाव, प्रलोभन या ऐसा आचरण दिखाई दे, जिससे पीड़ित के सामने आत्महत्या के अलावा कोई अन्य विकल्प न बचे। अदालत ने कहा कि सामान्य विवाद, आपसी मतभेद, नाराजगी या रिश्तों में तनाव को स्वतः आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध नहीं माना जा सकता।

# हरियाणा में ITI शिक्षा का नया मॉडल, चीनी उद्योग से जुड़े कोर्स होंगे शुरू

चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। हरियाणा सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए एक नई पहल करने जा रही है। राज्य की आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) में जल्द ही चीनी मिलों से जुड़े विशेष कोर्स शुरू किए जाएंगे। इसका मकसद युवाओं को उद्योगों की जरूरत के मुताबिक प्रशिक्षण देना और नौकरी के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इस योजना को लागू करने के लिए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनाने के निर्देश दिए हैं। यह समिति 14 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और कोर्स शुरू करने की रूपरेखा तैयार करेगी।



बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि कोर्स ऐसे तैयार किए जाएंगे जिससे युवाओं को प्रशिक्षण के बाद सीधे रोजगार मिलने में मदद मिले। साथ ही उद्योगों को भी प्रशिक्षित और कुशल कर्मचारी मिल सकें। सरकार इस बात पर भी विचार कर रही है कि कुछ कोर्स सीधे चीनी मिलों के अंदर ही चलाए जाएं, ताकि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिल सके। प्रस्तावित कोर्सों में शुगर प्रोसेसिंग, बॉयलर संचालन, क्वालिटी कंट्रोल, शुगर टेक्नोलॉजी, शुगर इंजीनियरिंग, एग्रो प्रोसेसिंग, मैकेनिकल मेंटेनेंस और ऑटोमेशन जैसे विषय शामिल हैं। वर्तमान में हरियाणा की आईटीआई में कई तकनीकी ट्रेड पहले से संचालित हैं। सरकार का मानना है कि नए कोर्स शुरू होने से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और उद्योगों को भी कुशल मानव संसाधन मिलेगा।

# एक माह पूरा होने पर हलवारा एयरपोर्ट पर मनाया गया 'यात्री सुविधा दिवस'

हलवारा, 15 जून। हलवारा हवाई अड्डे के संचालन को एक माह पूरा होने के उपलक्ष्य में एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से 15 जून 2026 को 'यात्री सुविधा दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने, उनके यात्रा अनुभव को और अधिक सुगम बनाने तथा एयरपोर्ट से जुड़े कर्मचारियों और हितधारकों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार, हलवारा एयरपोर्ट को शुरू हुए एक माह के दौरान यात्रियों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। विशेष रूप से एयर इंडिया की कनेक्टिंग फ्लाइट सुविधा को यात्रियों ने पसंद किया है, जिससे लुधियाना और आसपास के लोगों को देश के विभिन्न शहरों तक बेहतर हवाई संपर्क मिल रहा है। माना जा रहा है कि एयर इंडिया की कनेक्टिंग फ्लाइट सुविधा के जरिए हलवारा एयरपोर्ट से यात्री करीब 5 घंटे में देश के किसी भी कोने तक पहुंच सकते हैं।











कार्यक्रम के दौरान एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी हितधारकों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया। स्वच्छता और रखरखाव में अहम भूमिका निभाने वाले हाउसकीपिंग कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जबकि विमानन क्षेत्र में कार्यरत महिला कर्मियों के योगदान की भी केक काटकर सराहना की गई। यात्रियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए एयरपोर्ट परिसर में सेल्फी बूथ भी लगाया गया। इसके अलावा यात्रियों से एयरपोर्ट सुविधाओं को लेकर फीडबैक और सुझाव भी लिए गए। एयरपोर्ट निदेशक जगीर सिंह ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और संतुष्टि एयरपोर्ट अथॉरिटी की प्राथमिकता है। यात्रियों के सुझावों के आधार पर सेवाओं में लगातार सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ह्ययात्री सुविधा दिवसह्न हलवारा एयरपोर्ट की बेहतर सेवा, यात्री संतुष्टि और हितधारक सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आने वाले समय में हलवारा एयरपोर्ट क्षेत्र के औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन विकास को नई गति प्रदान करेगा।

# पुरुषोत्तम मास एकादशी पर प्राचीन हनुमान मंदिर में मीठे पानी की छबील का आयोजन



चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। पुरुषोत्तम मास की पावन एकादशी के अवसर पर हल्लोमाजरा स्थित अग्रवाल मार्केट के प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं और राहगीरों की सेवा के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई। आयोजन मंदिर प्रधान विजय गोयल के नेतृत्व में किया गया।

भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने मीठे पानी का सेवन कर राहत महसूस की। कई लोगों ने अपने घरों के लिए भी बोतलों में मीठा पानी भरकर ले गए। श्रद्धालुओं ने इस सेवा भाव की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गणेश झा, जतिन मिश्रा, प्रवीण खत्री, तरुण गोयल, अनीश, मामचंद, सुरेश धीमान, रामपाल धीमान तथा सोशल वर्कर अरविंद सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग दिया।

मंदिर प्रधान विजय गोयल ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि समाजहित और जनकल्याण के ऐसे सेवा कार्य भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद भी दिया।

# श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी गुरुपर्व को समर्पित महान नगर कीर्तन निकाला





लुधियाना/यूटर्न/15 जून। सचखंड श्री हजूर साहिब जत्था कमेटी गुरु नानक पुरा सिविल लाइंस की ओर से सिखों के सरताज साहिब श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी गुरुपर्व को समर्पित महान नगर कीर्तन निकाला गया। जिसकी अगुवाई कुलदीप सिंह दीपा ने की। यह महान नगर कीर्तन सोमवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में पांच प्यारों की अगुवाई में गुरुद्वारा खालसा स्त्री दल शहीदां नजदीक दमोरिया पुल से शुरू हुआ।जिसमें बैंड बाजे, हाथी और गतका पार्टियों ,स्कूली बच्चों,गुरु की लाडली फौज,श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटियां, महिला स्त्री सभाएं, धार्मिक जतथेबंदियों और अकाली जत्था के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग दिया। प्रमुख सेवादार कुलदीप सिंह दीपा की अगुवाई में यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा खालसा स्त्री दल शहीदां से शुरू होकर, गुरुद्वारा गुरुनानक पुरा, गुरुद्वारा रविंदास जी,शाही मोहल्ले से गुरुद्वारा दुख भंजन साहिब,न्यू कुंदन पुरी, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुंदन पुरी,गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा, उपकार नगर से शिव मंदिर चौक,कैलाश सिनेमा, राजिंदर नगर से गुरुद्वारा राम नगर,गुरुद्वारा खालसा स्त्री दल शहीदां दमोरिया पुल में समाप्त हुआ। इस मौके पर सचखंड श्री हजूर साहिब जत्था की ओर से नगर कीर्तन में शामिल हुई जत्थेबंदियों के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

## रूह से रूबरू



चारु नागपाल



## क्या आधुनिकता के समय में सभी शादियाँ पहले की तरह पवित्र रह गई हैं?

विवाह भारतीय संस्कृति का एक पवित्र और महत्वपूर्ण संस्कार माना जाता है। यह केवल दो व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि दो परिवारों का भी मिलन होता है। प्राचीन समय में विवाह को जीवनभर का अटूट बंधन समझा जाता था और पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति निष्ठावान रहते थे। उनके संबंध विश्वास, प्रेम और त्याग पर आधारित होते थे। आज का युग आधुनिकता और तकनीकी विकास का युग है। लोगों की सोच और जीवनशैली में अनेक परिवर्तन आए हैं। यद्यपि आज भी बहुत से लोग विवाह की पवित्रता को बनाए रखते हैं, परंतु कुछ लोग इसके महत्व को समझने में असफल हो रहे हैं। ऐसे लोग विवाह का केवल दिखावा करते हैं और पति या पत्नी होते हुए भी विवाह के बाहर संबंध स्थापित कर लेते हैं। इस प्रकार के संबंध न केवल पति-पत्नी के विश्वास को तोड़ते हैं, बल्कि पूरे पारिवारिक जीवन को भी दूषित कर देते हैं। विवाह की सफलता का आधार विश्वास, सम्मान और निष्ठा है। यदि पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति ईमानदार रहें, तो उनका दांपत्य जीवन सुखी और सफल बन सकता है। इसलिए आधुनिकता के इस दौर में भी हमें विवाह की पवित्रता और उसके मूल्यों को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए, ताकि परिवार और समाज दोनों मजबूत बने रहें।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या पत्नी पति के Office या Workplace में शिकायत कर सकती है?**

वैवाहिक विवादों में कभी-कभी एक पक्ष दूसरे के नियोक्ता (Employer) या Workplace तक पहुंच जाता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या पत्नी पति के डय़ूटी में शिकायत कर सकती है?

कानून किसी व्यक्ति को अपनी शिकायत संबंधित प्राधिकरण के समक्ष रखने से नहीं रोकता। लेकिन शिकायत का आधार वास्तविक और तथ्यात्मक होना चाहिए। यदि मामला Domestic Violence, Maintenance, Child Support, या किसी न्यायालय के आदेश की अवहेलना से जुड़ा है, तो कुछ परिस्थितियों में अदालत या संबंधित प्राधिकरण के माध्यम से employer से जानकारी मांगी जा सकती है।

उदाहरण के लिए, Maintenance Case में अदालत पति की आय का पता लगाने के लिए salary records या employment details मंगवा सकती है।

हालांकि, केवल व्यक्तिगत विवाद, बदला लेने की भावना, या प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से Workplace में शिकायत करना कानूनी जोखिम पैदा कर सकता है।

यदि शिकायत झूठी, दुर्भावनापूर्ण (malicious) या मानहानिकारक (defamatory) साबित होती है, तो इसके अलग कानूनी परिणाम हो सकते हैं।

कई लोग यह मान लेते हैं कि वैवाहिक विवाद में डय़ूटी को शामिल करना दबाव बनाने का आसान तरीका है, लेकिन हर शिकायत का कानूनी आधार होना आवश्यक है।

निष्कर्ष: पति के Workplace में शिकायत की जा सकती है, लेकिन उसका आधार वास्तविक और कानूनी होना चाहिए। व्यक्तिगत विवाद और वैध शिकायत में अंतर समझना अत्यंत आवश्यक है।

# चंडीगढ़ में मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत घर-घर पहुंचने लगे बीएलओ, पहले दिन बांटे 37,410 फॉर्म







चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान के तहत सोमवार से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह गणना चरण 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक चलेगा।

प्रशासन की ओर से अभियान के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। अभियान के पहले ही दिन शाम 5 बजे तक बीएलओ ने शहर भर के मतदाताओं को 37,410 गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) वितरित किए, जिससे मतदाताओं की सकारात्मक भागीदारी देखने को मिली। गणना चरण के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर प्रपत्रों का वितरण और संग्रहण करेंगे। प्रत्येक मतदाता को फॉर्म की दो प्रतियां उपलब्ध कराई जाएंगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें फॉर्म भरने में सहायता भी दी जाएगी। निर्वाचन विभाग के अनुसार यदि किसी घर पर ताला लगा मिलता है तो बीएलओ वहां फॉर्म छोड़ेंगे और उसे प्राप्त करने के लिए अलग-अलग तिथियों पर कम से कम तीन बार पुनः दौरा करेंगे। मतदाता भरे हुए फॉर्म ईसीआईनेट मोबाइल ऐप या वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं, जिसकी पुष्टि संबंधित बीएलओ द्वारा की जाएगी। मतदाताओं से वर्ष 2002-03 में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित मैपिंग विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। यदि यह जानकारी उपलब्ध नहीं है तो वे अपने माता-पिता या दादा-दादी का विवरण दे सकते हैं, जो वर्ष 2002-03 अथवा हाल ही में 12 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में हुए 2025-26 के विशेष पुनरीक्षण में दर्ज हो। संबंधित रिकॉर्ड मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चंडीगढ़ की वेबसाइट, ईसीआईनेट मोबाइल ऐप और वोटर्स सर्विस पोर्टल पर उपलब्ध हैं। विभाग ने बताया कि जिन पात्र निवासियों के नाम वर्तमान मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे निर्धारित घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 जमा कर सकते हैं।

## क्षत्रिय कुलभूषण महाराणा प्रताप जी की पावन जयंति पर चंडीगढ़ में समारोह 17 जून को



लुधियाना/यूटर्न/15 जून। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की तरफ से क्षत्रिय कुलभूषण महाराणा प्रताप जी की पावन जयंति 17 जून बुधवार को चंडीगढ़ में मनाई जाएगी। सैक्टर 38 स्थित रानी लक्ष्मी बाई में आयोजित समारोह की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र सिंह तंवर करेंगे। पंजाब विधानसभा पूर्व स्पीकर राणा के.पी सिंह बतौर मुख्यतिथि शामिल होंगे। हिमाचल प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री राजा विक्रमादित्य सिंह, हरियाणा के किसान कल्याण मंत्री ठाकुर शाम सिंह राणा, बिहार के सांसद लव्ली आन्नद, असंध के विधायक योगेन्द्र सिंह राणा सहित महासभा की हरियाणा इकाई से कुंवर रवि चौहान विशेष अतिथि के तौर पर समारोह में शिरकत करेंगे। उपरोक्त जानाकरी अखिल बारतीय क्षत्रिय महासभा की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डिंपल राणा ने समारोह की तैयारियो को अतिंम रुप देने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए दी। इस मौके पर महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संत सिंह राणा, महाराणा प्रताप राजपूत सभा के अध्यक्ष राकेश मिन्हास, डीएस राणा, अनिल ठाकुर, आशु राणा, सोनी राणा, राजेश राणा, अशोक जसरोटिया, रणधीर परमार, गौतम पुंडीर व अन्य भी मौजूद रहे।

## बिजनेस पिच फिनाले में बच्चों ने दिखाई उद्यमिता और नवाचार की झलक



लुधियाना/यूटर्न/15 जून। लुधियाना के रस्ता, मॉडल टाउन में शैवीज इंग्लिश हट द्वारा आयोजित बिजनेस पिच फिनाले में लगभग 70 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 4 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने अपने आत्मविश्वास, रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। 7 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करते हुए अनोखे बिजनेस आइडियाज साझा किए। इनमें रोबोट्स की सहायता से यमुना नदी की सफाई, बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए अभिनव पहल, रीसाइक्लिंग आधारित प्रोजेक्ट्स तथा अन्य प्रभावशाली व्यावसायिक विचार शामिल रहे। वहीं 4 से 6 वर्ष के नन्हे प्रतिभागियों ने बॉस बेबी थीम के माध्यम से अपनी प्रतिभा और मंच पर बोलने का आत्मविश्वास प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की निर्णायक रहीं प्रसिद्ध उद्यमी सीमा अग्रवाल और अनुराधा प्रभाकर ने बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और प्रस्तुति कौशल की सराहना की।

# राज्यपाल कटारिया संकल्प के कार्यक्रम में होंगे मुख्यातिथि

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/15 जून। इंडियन सिविल सेवा सर्विस के लिए पंजाब से चुने गए विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए संकल्प संस्था द्वारा 22 जून को विशेष कार्यक्रम करवाया जा रहा है। जिसमें पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए संकल्प संस्था के अध्यक्ष नरेन्द्र मित्तल ने बताया कि इस



कार्यक्रम के लिए पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से हरीश सग्गड़ और राजेश नौहरिया के साथ भेंट कर निमंत्रण दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में संकल्प के संस्थापक संतोष तनेजा, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के अतिरिक्त निजी सचिव अगम मितल, ईस्टमैन ग्रुप के जगदीश सिंघल, गणपति ज्वेलर्स के संजीव कालरा, संकल्प दिल्ली के राजू चौहान आदि विशेष अतिथियों के तौर पर शामिल होंगे। नरेन्द्र मित्तल ने बताया कि संकल्प के इस कार्यक्रम में पंजाब से इंडियन सिविल सेवा सर्विस के लिए चुने गए विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा ।

# महामंत्र नवकार का सामूहिक अखण्ड जाप एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

लुधियाना/यूटर्न/15 जून। एस.एस. जैन सभा रजि. हैबोवाल लुधियाना के तत्वावधान और श्री महावीर जैन युवक मंडल रजि. के आयोजन में जैन स्थानक हैबोवाल में महामंत्र नवकार का सामूहिक अखण्ड जाप श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लेकर पंच परमेष्ठी भगवान की वंदना की और विश्व कल्याण की मंगलकामना की। इस दौरान नवकार महामंत्र की महिमा और उसके आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम उपरांत जैन संस्कार शिविर 2026 के प्रतिभागी बच्चों का पुरस्कार



वितरण समारोह आयोजित किया गया। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और सक्रिय सहभागिता करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों को जैन धर्म, संस्कार, प्रार्थना, नैतिक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास से संबंधित प्रशिक्षण देने वाली शिक्षिकाओं के योगदान की भी सराहना की गई। इस अवसर पर कपिल जैन, सुरिंदर मोहन जैन, पंकज जैन, राजीव जैन, प्रवीन जैन, पुनीत जैन, भूपेश जैन, डॉ. दीपक जैन, देवांश जैन और रजत जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी सहयोगी संस्थाओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## पीजी में मुलाकात करने गए प्रेमी को प्रेमिका ने मारा चाकू, कमर के पास किए वार

लुधियाना/यूटर्न/15 जून। साहनेवाल इलाके में प्रेमिका से मिलने पीजी गए प्रेमी पर लड़की ने चाकू से हमला कर दिया। लड़की ने



उसकी कमर में कई वार कर जख्मी कर दिया। युवक के शोर मचाने पर पीजी के बाहर खड़े उसके दोस्त मौके पर आ गए और उसका बचाव किया। दोस्तों ने उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की सूचना पुलिस को दी। थाना साहनेवाल पुलिस ने गांव हीरा के लवप्रीत सिंह की शिकायत पर युवती खुशी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ रही है। जानकारी के अनुसार 3 महीने पहले दोनों में दोस्ती हुई थी। लवप्रीत सिंह ने बताया कि 12 जून की रात उसका दोस्त मनप्रीत सिंह अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए पीजी में गया था। उस समय वह और उनका साथी सुखवीर सिंह पीजी के बाहर खड़े थे। लवप्रीत के अनुसार कुछ देर बाद उन्हें अंदर से मनप्रीत की चीखने की आवाज सुनाई दी। जब वे पीजी के अंदर पहुंचे तो पहली मंजिल पर सीढ़ियों के पास मनप्रीत सिंह लहूलुहान हालत में गिरा पड़ा था। वहीं उसके पास मनप्रीत की गर्लफ्रेंड खुशी भी मौजूद थी।

## जीजा ने साली का नहाते वीडियो बना ब्लैकमेल कर रेप किया, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/15 जून। जमालपुर इलाके में बहन के घर मिलने आई युवती की उसके जीजा ने नहाते हुए वीडियो बना लिया।



इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रेप किया। जिससे वह प्रेग्नेंट हो गई। इसके बाद उसने दवाई खिलाकर गर्भपात करा दिया। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ कई बार मारपीट भी की। थाना जमालपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी जीजा अमरजीत कुमार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बाताया कि वह रोहतक (हरियाणा) में रगती है। वह जुलाई 2024 में अपनी बहन के घर लुधियाना में रहने के लिए आई थी। इसी दौरान उसकी बहन के पति अमरजीत कुमार ने कथित तौर पर उसके नहाते समय अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि लगातार रेप के कारण वह गर्भवती हो गई। इसके बाद आरोपी ने उसे दवा खिलाकर उसका गर्भपात करवा दिया। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने उसके साथ कई बार मारपीट भी की और उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

## चंडीगढ़ मार्का शराब के साथ एक आरोपी काबू, बाइक चालक फरार

जीरकपुर/यूटर्न/15 जून। एक्साइज विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ मार्का देसी शराब की तस्करी के मामले में एक आरोपी को काबू किया है, जबकि मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 12 जून को आबकारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह अपनी टीम के साथ चंडीगढ़ एन्क्लेव क्षेत्र में नाकाबंदी पर मौजूद थे। इसी दौरान एक संदिग्ध काले रंग के मोटरसाइकिल नंबर ढइ-70ऋ-3120 को रोकने का इशारा किया गया। मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार थे और पीछे बैठे व्यक्ति के पास गत्ते के दो डिब्बे थे।

पुलिस टीम द्वारा रोकने पर मोटरसाइकिल चला रहा व्यक्ति मौके से फरार हो गया, जबकि पीछे बैठे व्यक्ति को काबू कर लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान जयबीर पुत्र चंद्र सैन निवासी मकान नंबर 162, बिशनपुरा, जीरकपुर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान गत्ते के डिब्बों से देसी शराब टेंगो संतरा मार्का की 48 अधिया बोतलें बरामद हुई। बरामद शराब पर 'फॉर सेल इन चंडीगढ़' लिखा हुआ था, यानी यह शराब केवल चंडीगढ़ में बिक्री योग्य थी।

# पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने राजस्थान विधानसभा की लोक लेखा समिति के सदस्यों एवं उनके परिजनों से की भेंट



चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। पंजाब के राज्यपाल एवं संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने आज पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में राजस्थान विधानसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) के सदस्यों एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए श्री कटारिया ने सुशासन, वित्तीय जवाबदेही, पारदर्शिता तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि लोक लेखा समितियां सार्वजनिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने के साथ-साथ शासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों की विधायी संस्थाओं के बीच संवाद एवं अनुभवों का आदान-प्रदान लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने आगंतुकों को पंजाब एवं चंडीगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भी अवगत कराया तथा क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकासात्मक पहलों एवं प्रशासनिक नवाचारों की जानकारी दी। यह संवाद अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। समिति के सदस्यों एवं उनके परिजनों ने राज्यपाल के साथ अनौपचारिक चर्चा की तथा पंजाब लोक भवन में उन्हें प्रदान किए गए आतिथ्य की सराहना की।

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद दफ्तर में पहुंचकर युवती से मारपीट, केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/15 जून। जीरकपुर के भबात क्षेत्र स्थित शिवालिक विहार में एक युवती के दफ्तर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता भारती कुशवाहा निवासी मूल रूप से जबलपुर, मध्य प्रदेश, हाल निवासी शिवालिक विहार भबात की शिकायत पर आरोपी अभिषेक शर्मा उर्फ गौरव निवासी सवाई माधोपुर, राजस्थान के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 115(2), 126(2) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में भारती कुशवाहा ने बताया कि वह पिछले करीब चार साल से जीरकपुर में रह रही है और निजी काम करती है। आरोपी अभिषेक शर्मा से उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। इसके बाद आरोपी उसके साथ ऑनलाइन काम भी करता था।

# सुषमा ग्रुप पर करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप, जीरकपुर थाने में केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/15 जून। राजस्थान के नसीराबाद में तैनात सेना अधिकारी की शिकायत पर जीरकपुर पुलिस ने सुषमा ग्रुप सहित संबंधित कंपनियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोप में मामला दर्ज किया है। मामला पहले नसीराबाद सिटी, अजमेर में जीरो एफआईआर के रूप में दर्ज किया गया था। घटनास्थल जीरकपुर क्षेत्र से संबंधित होने के कारण केस आगे की कार्रवाई के लिए थाना जीरकपुर भेजा गया। शिकायतकर्ता कर्नल रोहित भाटिया पुत्र गुलशन भाटिया निवासी रुड़की, उत्तराखंड ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उन्होंने वर्ष 2016 में मोहाली स्थित जॉयनेस्ट एमओएच-1 प्रोजेक्ट में फ्लैट नंबर सी-407 बुक किया था। इसके लिए उन्होंने 3.59 लाख रुपये बुकिंग राशि के रूप में जमा कराए थे। बाद में बैंक लोन और अपनी रकम से अन्य भुगतान भी किए गए, लेकिन कंपनी निर्धारित समय में फ्लैट का कब्जा नहीं दे सकी। शिकायत के अनुसार वर्ष 2020 में कंपनी के प्रतिनिधियों ने उन्हें निवेश को जॉयनेस्ट एमओएच-1 से सुषमा प्रिस्टीन, जीरकपुर के कमर्शियल यूनिट में शिफ्ट करने के लिए प्रेरित किया। आरोप है कि उन्हें अधिक लाभ और मासिक रिटर्न का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद उन्हें कमर्शियल यूनिट नंबर सी-07, तीसरी मंजिल अलॉट किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कंपनी ने पहले निवेश की वास्तविक बढ़ी हुई कीमत नहीं दिखाई और केवल करीब 11 लाख रुपये लाभ के रूप में समायोजित किए। इसके बाद मासिक रिटर्न भी अनियमित रूप से दिए गए और जुलाई 2024 से बंद कर दिए गए। कुछ चेक भी बाउंस होने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया कि समाधान देने के बजाय कंपनी ने निवेश को एक अन्य प्रोजेक्ट में शिफ्ट करने का दबाव बनाया। पुलिस ने धारा 420, 406 और 120-बी के तहत मामला दर्ज कर जांच एएसआई परमप्रीत सिंह को सौंपी है।

## तेज रफ्तार बलेनो ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

जीरकपुर/यूटर्न/15 जून। एरोसिटी क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मृतक अपने परिजनों के साथ फिरोजपुर जाने के लिए निकला था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में सुरिंदर कुमार निवासी फिरोजपुर ने बताया कि वह पंजाब पुलिस कमांडो में एएसआई के पद पर तैनात हैं। 12 जून को उनके छोटे भाई बलविंदर पाल शर्मा निवासी जीरकपुर का फोन आया कि उनकी मासी का निधन हो गया है और सभी को फिरोजपुर जाना है। इसके बाद वह अपने भाई के घर जीरकपुर पहुंचे। उनके मामा का बेटा विशाल शर्मा भी अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर वहां आ गया। शिकायतकर्ता के अनुसार बलविंदर पाल शर्मा अपने मोटरसाइकिल नंबर ढइ-05-अफ-8944 पर सवार होकर आगे-आगे चल रहे थे, जबकि वह और विशाल शर्मा कार में पीछे थे। बलविंदर ने अपना मोटरसाइकिल कमांडो कॉम्प्लेक्स में खड़ा कर उनके साथ फिरोजपुर जाना था। जब वे छत लाइटों से आगे एरोसिटी आई-ब्लॉक की लाइटें क्रॉस कर रहे थे, तभी पीछे से आई मारुति बलेनो कार नंबर लफ-03-ह-0161 ने तेज रफ्तार और लापरवाही से चलते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बलविंदर पाल सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर पर गंभीर चोट आई।

## अकाल तख्त के फैसले से सियासी तापमान बढ़ा... टकराव की जमीन तैयार

अकाल तख्त और पंजाब के मुख्यमंत्री के बीच पैदा हुआ गतिरोध केवल एक कथित वीडियो विवाद तक सीमित नहीं है। यह पंजाब में धर्म, राजनीति और शासन के बीच धुंधली होती जा रही सीमाओं को लेकर कई असहज सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री को ₹गुरु दोखी₹ और ₹खालसा पंथ विरोधी₹ घोषित करने का अकाल तख्त का फैसला एक असाधारण कदम है। सिख समाज में ऐसे ऐलानों का गहरा प्रतीकात्मक महत्व होता है। वहीं दूसरी ओर, पंजाब सरकार के आलोचकों का कहना है कि लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेता सिख धर्म की सर्वोच्च लौकिक संस्था द्वारा उठाए गए सवालों को यूं ही खारिज नहीं कर सकते। नतीजतन ऐसी स्थिति बन गई है जिसमें फिलहाल कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं दिखता। हालांकि आम आदमी पार्टी का कहना है कि चुनावी माहौल में वायरल होने वाले किसी भी वीडियो को बिना पर्याप्त प्रमाण के आधार नहीं बनाया जा सकता। दूसरी ओर अकाल तख्त का दावा है कि संबंधित वीडियो की फोरेंसिक जांच हो चुकी है और उसे प्रमाणिक पाया गया है। लेकिन यह सवाल अब भी अनुत्तरित है कि आखिर वह कौन-सी फोरेंसिक प्रयोगशालाएं थीं जिन्होंने यह निष्कर्ष दिया। यदि जांच रिपोर्टों और संस्थाओं के नाम सार्वजनिक नहीं किए जाते, तो स्वाभाविक रूप से संदेह और बहस की गुंजाइश बनी रहती है। यही वह पहलू है जो चिंता पैदा करता है। समस्या केवल विवाद की नहीं, बल्कि उस माहौल की भी है जो इसके आसपास बन रहा है। पंजाब में आज हर असहमति राजनीतिक निष्ठा या धार्मिक प्रतिबद्धता की परीक्षा में बदलने का जोखिम उठाती दिख रही है। जिन संस्थाओं को अपने-अपने दायरे में काम करना चाहिए, वे धीरे-धीरे ऐसे सार्वजनिक संघर्षों का हिस्सा बनती जा रही हैं जो राजनीतिक मुकाबले जैसे प्रतीत होते हैं। कथित वीडियो का विवाद इस समस्या को और स्पष्ट करता है। मुख्यमंत्री लगातार कहते रहे हैं कि वीडियो फर्जी है या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार किया गया है। एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे विवादों का समाधान पारदर्शी साक्ष्यों, सार्वजनिक जांच-पड़ताल और संस्थागत प्रक्रियाओं के जरिए होना चाहिए। लेकिन यह मामला सोशल मीडिया के माध्यम से राजनीतिक और धार्मिक टकराव का रूप ले चुका है। इस पूरे प्रकरण में दोनों पक्षों की चिंताओं को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। निर्वाचित सरकारों को कानून बनाने का अधिकार प्राप्त है, लेकिन जब विषय किसी समुदाय की गहरी धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हो, तब संवाद और व्यापक सहमति की आवश्यकता और बढ़ जाती है। सबसे बड़ा खतरा तब पैदा होता है जब हर मतभेद वर्चस्व की लड़ाई में बदल जाता है। सरकारों की वैधता लोकतांत्रिक जनादेश से आती है, जबकि धार्मिक संस्थाओं की वैधता आस्था और परंपरा से। जब इनमें से कोई भी दूसरे की भूमिका या अधिकार को कमतर करने की कोशिश करता है, तो सबसे अधिक नुकसान जनता के भरोसे को होता है। पंजाब ने अपने इतिहास में संघर्ष और तनाव के कई दौर देखे हैं। इसलिए राज्य भलीभांति जानता है कि संस्थागत टकरावों के क्या परिणाम हो सकते हैं। स्वस्थ लोकतांत्रिक संस्कृति वही होती है जहां मतभेदों का समाधान संवाद से हो, न कि घोषणाओं, आरोपों और सार्वजनिक शक्ति-प्रदर्शन से। न सरकार को और न ही धार्मिक संस्थाओं को ऐसे विवादों के तमाशे में बदलने से कोई वास्तविक लाभ मिलता है। नशाखोरी, बेरोजगारी, आर्थिक चुनौतियां और सामाजिक तनाव जैसी समस्याएं आज भी पंजाब के सामने मौजूद हैं। ये मुद्दे इतने गंभीर हैं कि उन्हें अंतहीन संस्थागत संघर्षों की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। राज्य को ऐसी लोकतांत्रिक और धार्मिक संस्थाओं की जरूरत है जो सम्मान अर्जित करें, न कि एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करें। असल चिंता यह नहीं है कि इस विवाद में जीत किसकी होती है। असली सवाल यह है कि क्या पंजाब का सार्वजनिक जीवन इतना ध्रुवीकृत होता जा रहा है कि हर मुद्दा अंततः धर्म और राजनीति के बीच मुकाबले में बदल जाए। यदि ऐसा होता है, तो नुकसान किसी एक पक्ष का नहीं, बल्कि पूरे पंजाब का होगा।



संदीप शर्मा, सम्पादक

# भाजपा के पंजाब अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों का पहला जगरांव दौरा

## कार्यकताओं में उत्साह; 2027 चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने पर जोर

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/जून। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पंजाब अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने रविवार को जगरांव का दौरा किया और इस दौरान पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिला भाजपा जगरांव द्वारा आयोजित इस बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

शहर के एक निजी होटल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि भाजपा पंजाब में संगठनात्मक रूप से मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं और पिछले वर्षों की उपलब्धियों को लोगों तक पहुँचाने के लिए घर-घर संपर्क करें। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने पंजाब में नशों, कानून-व्यवस्था और विकास से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करते हुए मौजूदा सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब में विकास और



खुशहाली का विजन लेकर आगे बढ़ रही है और लोगों का सहयोग पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। केवल सिंह ढिल्लों ने स्पष्ट किया कि भाजपा 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों में राज्य की सभी 117 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। अकाली दल-भाजपा गठबंधन से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी अकेले ही चुनाव मैदान में उतरेगी। किसानों से जुड़े मुद्दों पर उन्होंने कहा कि यदि पंजाब में भाजपा की सरकार बनती है, तो राज्य की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा, नशों के मुद्दे को भी प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात उन्होंने कही।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महासचिव परमिंदर सिंह बराड़ ने कहा कि पंजाब में पार्टी का आधार लगातार बढ़ रहा है और कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए काम करने की जरूरत है।

जिला अध्यक्ष डॉ. रजिंदर शर्मा ने केवल सिंह ढिल्लों का जगरांव में पहली बार पहुँचने पर स्वागत किया और जिले में पार्टी की गतिविधियों, संगठनात्मक ढांचे और नगर परिषद चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री नितिन नवीन के पंजाब दौरे और संगठनात्मक निर्देशों के बारे में भी कार्यकताओं को अवगत कराया।

बैठक के दौरान विभिन्न पार्टियों और सामाजिक वर्गों से जुड़े कई व्यक्तियों ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। केवल सिंह ढिल्लों ने पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत करते हुए कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों के लोग भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस बैठक में संगठन को मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए रणनीतिक तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। पंजाब अध्यक्ष बनने के बाद केवल सिंह ढिल्लों का यह पहला जगरांव दौरा था, जिसे लेकर स्थानीय कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा गया।

# हीट वेव को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी का पालन करें : आशिका जैन

## दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचने की अपील

दलजीत अज्जोहा

होशियारपुर/यूटर्न/15 जून। जिले में आगामी दिनों के दौरान हीट वेव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी के मद्देनजर जिला वासियों से अपील की है कि वे लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और विशेष सावधानी बरतें।

उन्होंने कहा कि लोग दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से यथासंभव परहेज करें। स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी के अनुसार नवजात शिशु, छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्ग, मजदूर, मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति, मानसिक रोगों से पीड़ित लोगों तथा हृदय रोगियों को विशेष रूप से अधिक



तापमान से बचने की आवश्यकता है। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने कहा कि बाहर कार्य करते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने चाहिए, जो शरीर को पूरी तरह ढकते हों। इसके अलावा सिर को सीधी धूप से बचाने के लिए छाता, टोपी, तौलिया, पगड़ी अथवा दुपट्टे का इस्तेमाल किया जाए तथा नंगे पैर धूप में जाने से बचा जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में तरबूज, खरबूजा, अंगूर, खीरा, टमाटर, लौकी और तोरी जैसी मौसमी फल एवं सब्जियों का अधिक सेवन करना चाहिए, क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। इसके साथ ही ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी, नारियल पानी तथा अन्य तरल पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन किया जाना चाहिए। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि दिन के सबसे गर्म समय में खाना बनाने से बचना चाहिए तथा रसोई में पर्याप्त वेंटिलेशन बनाए रखने के लिए दरवाजे और खिड़कियां खुली रखनी चाहिए। उन्होंने लोगों से सिगरेट, तंबाकू, बीड़ी और शराब के सेवन से दूर रहने तथा चाय और कॉफी का सीमित उपयोग करने की अपील की। साथ ही तले-भुने और बाहर के खाद्य पदार्थों से परहेज करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी अपनाकर लू और गर्मी से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है।

# पंजाब में भाजपा की सरकार बनने पर मोगा रैली में किया वादा निभाएंगे ग्रह मंत्री अमित शाह : खन्ना



दलजीत अज्जोहा

होशियारपुर/यूटर्न/15 जून। पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने कहा कि जो कहना वो करके दिखाना भाजपा का काम करने का अंदाज है। उन्हने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जो मोगा रैली में पंजाब में नशों को समाप्त करने का जो वादा पंजाब की जनता से किया था वह वादा पंजाब में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहले चरण में ही निभाना शुरू कर दिया जायेगा। खन्ना ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में पंजाब के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया की पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पंजाबवासियों की सुरक्षा के मुद्दे पर पूरी तरह से फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहाँ जनता ही भविष्य निमार्ता है। खन्ना ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सत्ता पर काबिज होने के लिए पंजाब की जनता के साथ झूठे वादे किये और जनता की वोट की ताकत से मिले सत्ता के 5 वर्ष अपने निजी स्वार्थो की पूर्ती के लिए बर्बाद कर दिए। खन्ना ने कहा कि पंजाब का भविष्य अब जनता जनार्दन के हाथों में है। उन्होंने पंजाब की जनता से अपील की कि पंजाब में मजबूत कानून व्यवस्था, अमन शांति स्थापित करने और विकास की लहर चलाने के लिए पंजाब में भाजपा को लाएं ताकि पंजाब में भी डबल इंजन सरकार प्रदेश का चहुमुखी विकास करवा सके और पंजाब में कानून व्यवस्था और अमन शान्ति की बहाली हो सके।

# यूटी चंडीगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जागरूकता अभियान को मिल रही गति



चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। यूटी चंडीगढ़ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत गणना चरण (ऐनुमैरेशन फेज ) आज, 15 जून 2026 से प्रारंभ हो गया है, जो 14 जुलाई 2026 तक चलेगा। पुनरीक्षण प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा नागरिकों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर भर में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सुखना लेक पर एक वॉकाथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं सिविल डिफेंस वालंटियर्स (सीडीवी) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने 'एसआईआर, चंडीगढ़ हाई तैयार' का नारा लगाते हुए शुद्ध एवं अद्यतन निर्वाचक नामावली के प्रति शहर की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। स्वयंसेवकों ने आम नागरिकों से संवाद कर एसआईआर कार्यक्रम के संबंध में जानकारी भी साझा की। इससे पूर्व भी शहर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। 11 जून 2026 को डीएवी कॉलेज, सेक्टर-10 में एनएसएस यूनिट एवं इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के सहयोग से जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त 12 जून 2026 को जाकिर हुसैन रोज गार्डन में जागरूकता वॉक तथा 13 जून 2026 को सेक्टर-17 प्लाजा में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इन गतिविधियों में लोगों ने सक्रिय भागीदारी की तथा निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण और मतदाता सहभागिता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई गई।

# आम आदमी पार्टी में शामिल हुईं वार्ड-33 और वार्ड-10 की महिलाएं

## संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प



चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। आम आदमी पार्टी की जनहितकारी नीतियों, विकास कार्यों और ईमानदार राजनीति से प्रभावित होकर वार्ड नंबर-33 बुड़ैल और वार्ड नंबर-10 की कई महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं का पार्टी में स्वागत किया गया और उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के प्रभारी जरनैल सिंह और प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पार्टी में शामिल हुई महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी की जनहित की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सनी औलख, पार्षद अंजू कटियाल, पार्षद जसविंदर कौर, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद हरदीप सिंह, पूर्व मेयर एवं पार्षद कुलदीप कुमार, पार्षद योगेश ढींगरा, जी.डी. घई, शादाब राठी तथा तरसेम सिंह सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी महिलाओं को राजनीति और सामाजिक नेतृत्व में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी में शामिल हुई महिलाएं संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम के अंत में पार्टी में शामिल होने वाली सभी महिलाओं का स्वागत और अभिनंदन किया गया तथा उन्हें पार्टी की विचारधारा और जनसेवा के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

# 74वें जन्मदिन पर पूर्व सांसद सत्य पाल जैन को मिली शुभकामनाओं की सौगात

## राज्यपाल से लेकर सांसदों और नेताओं ने दी बधाई



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। चंडीगढ़ के पूर्व सांसद एवं भारत सरकार के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सत्य पाल जैन ने सोमवार को अपना 74वां जन्मदिन सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी, सांसद अशोक मित्तल, भाजपा चंडीगढ़ अध्यक्ष जतिंदर मल्होत्रा, पूर्व मेयर देवेश मौदगिल और सुभाष चावला सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निवास पर पहुंचकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। शुभचिंतकों ने सत्य पाल जैन को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, दीर्घ और सफल जीवन की कामना की। जन्मदिन समारोह में शहर के विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

वहीं, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, भाजपा चंडीगढ़ प्रभारी एवं सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना, रामवीर भट्टी, देवी दयाल, चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लकी, पूर्व मेयर अरुण सूद सहित कई अन्य प्रमुख हस्तियों ने फोन पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जन्मदिन की शुरूआत सत्य पाल जैन ने अपने परिवार के साथ घर पर पूजा-अर्चना कर की। इसके बाद शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला शुरू हुआ, जो दिनभर जारी रहा। बड़ी संख्या में लोगों का स्नेह और समर्थन देखकर वे भावुक भी नजर आए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोगों का प्यार और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी और ताकत है। गौरतलब है कि सत्य पाल जैन देश के जाने-माने संवैधानिक विशेषज्ञों में गिने जाते हैं।

उन्होंने विभिन्न अदालतों में भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं का प्रतिनिधित्व किया है। वे वर्ष 1996 और 1998 में चंडीगढ़ से दो बार लोकसभा सदस्य चुने गए थे। इसके अलावा वे लगभग 48 वर्षों तक पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट के सदस्य रहे हैं। पिछले 11 वर्षों से वे चंडीगढ़ में भारत सरकार के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# पंचकूला पुलिस की तत्परता से दो लापता किशोरियां सकुशल बरामद, परिजनों से मिलवाया





पंचकूला/यूटर्न/15 जून। पंचकूला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील जांच का परिचय देते हुए अलग-अलग मामलों में लापता हुई दो नाबालिग किशोरियों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों से मिला दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से दोनों परिवारों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों मामलों में शिकायत मिलते ही संबंधित थानों की टीमों ने तत्काल जांच शुरू कर दी थी। तकनीकी साक्ष्यों और लगातार प्रयासों के आधार पर दोनों किशोरियों का पता लगाकर उन्हें सकुशल बरामद कर लिया गया।

### डांट-फटकार के बाद घर छोड़कर चली गई थी किशोरी

पहले मामले में 16 वर्षीय किशोरी अपने चाचा-चाची के साथ पंचकूला में रह रही थी। बताया गया कि किसी घरेलू बात को लेकर डांट-फटकार मिलने के बाद वह 2 जून को बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर 3 जून को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि किशोरी हिमाचल प्रदेश में रह रही अपनी मां के पास चली गई थी। उसने वहां पहुंचने की जानकारी अपने परिजनों को नहीं दी थी। आवश्यक सत्यापन और प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने 14 जून को किशोरी को सुरक्षित रूप से उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया।

### परिजनों से नाराज होकर उत्तर प्रदेश जाने निकली थी दूसरी किशोरी

दूसरे मामले में 14 वर्षीय किशोरी 10 जून को बिना बताए घर से चली गई थी। उसी दिन परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच में सामने आया कि किशोरी मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और वर्तमान में अपने परिवार के साथ पंचकूला में रह रही थी। परिजनों से कहासुनी होने के बाद वह अपने पैतृक गांव जाने के उद्देश्य से घर छोड़कर चली गई थी। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए उसका पता लगाया और सुरक्षित बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया।

# पंचकूला को क्राइम और अतिक्रमण मुक्त बनाने की मुहिम शुरू





पंचकूला/यूटर्न/15 जून। पंचकूला पुलिस ने शहर को अपराध और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए बड़े स्तर पर विशेष अभियान शुरू करने की घोषणा की है।

पुलिस कमिश्नर पंकज नैन के नेतृत्व में चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत सड़क किनारे अवैध रूप से झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर रह रहे लोगों और संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के सहयोग से अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने कहा कि पंचकूला की सुरक्षा और नागरिकों की शांति सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि शहर में बिना वैध पहचान और दस्तावेजों के अवैध रूप से बनाए गए ठिकाने कानून व्यवस्था और सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हैं। सभी थाना प्रभारियों और पुलिस इकाइयों को ऐसे स्थानों का गहन सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं।



कमिशनर पंकज जैन

उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्यापन के दौरान जो व्यक्ति बिना पहचान पत्र या संदिग्ध परिस्थितियों में पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही एचएसवीपी के सहयोग से अवैध कब्जों को हटाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कुछ लोग बिना पुलिस सत्यापन और वैध दस्तावेजों के रह रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह स्थिति गंभीर मानी गई है, जिसके चलते विशेष संयुक्त अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की विभिन्न टीमें पहले चरण में ऐसे स्थानों की पहचान और सत्यापन का कार्य करेंगी। इसके बाद संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का लक्ष्य शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत करना और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

# बिक्रम मजीठिया को अमृतसर कोर्ट से अंतरिम जमानत, थाने से समर्थक को जबरन छुड़ाने का आरोप

अमृतसर/यूटर्न/15 जून। अमृतसर की अदालत ने सोमवार को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को अंतरिम जमानत दे दी। उन पर थाने के अंदर दस्तावेज फाड़ने और अपने एक समर्थक को छुड़ाने की कोशिश करने का आरोप है। इसी मामले में पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस ने कहा था- उन्होंने हथियार लहराए और केस की फाइलें फाड़ीं। अकाली दल के मुख्य प्रवक्ता और एडवोकेट अर्शदीप सिंह कलेर ने कहा कि मजीठिया के खिलाफ आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान अमृतसर में दर्ज किया गया कथित झूठा मामला एक बार



फिर गलत साबित हुआ है और कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। कलेर ने कहा कि अदालतों में फैसले सबूतों के आधार पर होते हैं, किसी मुख्यमंत्री के बयान के आधार पर नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री पहले बड़े-बड़े दावे करते थे, लेकिन अब क्या कहेंगे? उनके मुताबिक, सरकार के मामलों को लेकर अदालतों में लगातार सवाल उठ रहे हैं। कलेर ने दावा किया कि पहले जोबनजीत की गिरफ्तारी को पंजाब एवं हरियाणा

### गैरकानूनी जोबनजीत को हिरासत में लिया

कलेर के अनुसार, मजीठिया सिर्फ अपने परिवार और किरती किसान यूनियन के धरने में शामिल होने गए थे। उनका कहना है कि जोबनजीत को पंजाब पुलिस के एक एसएचओ ने गैर-कानूनी तरीके से अपने कमरे में बंद किया था। उसे छुड़ाने के लिए मजीठिया, उनका परिवार और किरती किसान यूनियन धरने पर बैठे थे।

हाईकोर्ट ने गैर-संवैधानिक और गैर-नैतिक बताया था और अब मजीठिया को भी राहत मिल गई है।

# जनहित समिति का मेडिकल चेकअप कैंप सराहनीय: डीएसपी करनैल सिंह



पटियाला/यूटर्न/15 जून। जनहित समिति रजि. पटियाला की ओर से बारादरी गार्डन में मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में मॉडर्न लैबोरेट्री एंड स्कैन सेंटर पटियाला की टीम ने लोगों के खून के टेस्ट, शुगर, ब्लड टेस्ट और हड्डियों की क्षमता की निशुल्क जांच की। कैंप को सफल बनाने में फिटनेस लवर्स पटियाला की टीम और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. हरी ओम अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डीएसपी करनैल सिंह ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना जरूरी है, ताकि शरीर में पनप रही बीमारियों का समय रहते पता चल सके। डॉ. हरी ओम अग्रवाल ने लोगों को कैल्शियम, प्रोटीन युक्त आहार लेने और नियमित सैर करने की सलाह दी। संस्था के पदाधिकारियों एच.एस. दुआ, जगतार सिंह जग्गी, चमन लाल गर्ग, डॉ. जी.एस. आनंद और अनिल भारती ने बताया कि समिति लगातार समाज सेवा के कार्यों में जुटी है और जल्द ही रायपुर मंडला में बेसहारा मरीजों के लिए हेल्थ केयर सेंटर व वृद्धाश्रम बनाया जाएगा।

# वार्ड 4 में शानदार जीत: पार्षद दविंदरजीत सिंह सिद्धू ने किया गुरु का शुकराना





-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/जून। वार्ड नंबर 4 से पार्षद पद पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद स. दविंदरजीत सिंह सिद्धू ने गुरुद्वारा साहिब में एक विशेष धन्यवाद समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की उन्नति व सर्व-भले के लिए अरदास की। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक एस.आर. कलेर और एसजीपीसी सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने दविंदरजीत सिंह सिद्धू को जीत की बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे जनसेवा के कार्यों में ईमानदारी और समर्पण के साथ नई मिसाल कायम करेंगे। समारोह में दीपइंदर सिंह भंडारी, हरदेव सिंह बॉबी, जतिंदर पाल सिंह राणा, सतीश कुमार, कृष्ण कुमार, करमजीत कैंथ, कमरपाल सिंह, राम सिंह, सुखचैन सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और वार्डवासी मौजूद रहे। पार्षद सिद्धू ने जीत पर भरोसा जताने के लिए क्षेत्र की समस्त संगत का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# ब्लू ड्रेस में निधि अग्रवाल का ग्लैमरस अंदाज, फैंस बोले- फैशन क्वीन



अभिनेत्री निधि अग्रवाल का ब्लू ऑफ-शोल्डर ड्रेस में स्टाइलिश लुक चर्चा में है। सिंपल मेकअप, खुले बाल और चमकदार इयररिंग्स ने उनके लुक को और आकर्षक बना दिया। रेड कार्पेट स्टाइल में नजर आई निधि का यह फैशन स्टेटमेंट फैंस को खूब पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर उनके इस एलिगेंट और ग्लैमरस अंदाज की जमकर तारीफ हो रही है। फैशन लवर्स निधि के इस लुक को पार्टी और इवेंट के लिए परफेक्ट बता रहे हैं।

# सो रहे परिवार के घर पर अंधाधुंध फायरिंग, लोग बोले- विदेशी नंबरों से मिल रही धमकियां

अमृतसर/यूटर्न/15 जून। अमृतसर के जंडियाला गुरु में बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। रविवार रात वैरोवाल रोड स्थित एक घर पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घर के मालिक कुलवंत सिंह ने बताया कि वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब 12 बजे के बाद अचानक गोलियों की आवाज सुनाई दी। जब वे बाहर निकले तो हमलावर मौके से फरार हो चुके थे। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी किसी के साथ कोई



निजी रंजिश नहीं है। थाना प्रभारी हरपाल सिंह सोही ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**आपराधिक घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी...** गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से जंडियाला गुरु और आसपास के क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कुछ सप्ताह पहले गांव तलवंडी मालेवाल में एक शिक्षक की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। वहीं, दो दिन पहले गांव जबोवाल के एक युवक की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**फिरौती मांगने के लिए फोन कॉल आ रहे...** स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में फिरौती मांगने के लिए लगातार फोन कॉल आ रहे हैं। उनका कहना है कि रकम न देने वालों के घरों और दुकानों पर फायरिंग की घटनाएं भी सामने आई हैं। इसके अलावा, नगर परिषद चुनावों के दौरान कई उम्मीदवारों और उनके परिवारों को विदेशी नंबरों से कथित तौर पर धमकी भरे फोन आने की शिकायतें भी मिली थीं।

# ईरान-अमेरिका शांति समझौता लगभग आखिरी चरण में, शुक्रवार को साइन होने की उम्मीद



चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के साथ प्रस्तावित शांति समझौते की घोषणा को सोमवार को रिपब्लिकन सहयोगियों का जबरदस्त समर्थन मिला, जबकि डेमोक्रेटिक सांसदों ने समझौते की शर्तों और अमेरिकी विदेश नीति पर इसके असर के बारे में और स्पष्टता की मांग की।

रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति को समर्थकों से खूब तारीफ मिली, भले ही इस बात पर सवाल उठ रहे थे कि शुक्रवार को साइन होने वाले शुरूआती समझौता ज्ञापन (एमओयू) में कौन सी प्रतिबद्धताएं शामिल होंगी, और ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे कौन से मुद्दे समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद ही बातचीत के लिए खोले जाएंगे। वरिष्ठ रिपब्लिकन नेताओं ने इस घोषणा को एक बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि बताया। राष्ट्रपति के समर्थकों का तर्क था कि इस समझौते से पता चलता है कि ट्रंप लंबी सैन्य लड़ाई से बचते हुए ईरान से रियायतें हासिल करने में सक्षम हैं। कई सहयोगियों ने इस घटनाक्रम को इस बात का सबूत बताया कि प्रशासन की सैन्य दबाव और बातचीत की मिली-जुली रणनीति के अच्छे नतीजे निकले हैं।

## संभावित समझौता महीनों की लड़ाई के बाद हुआ

इस बात पर भी सवाल बने हुए हैं कि प्रस्तावित समझौता ईरान के मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय सशस्त्र समूहों को समर्थन और उसकी परमाणु गतिविधियों की अंतरराष्ट्रीय निगरानी के भविष्य से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवादों को कैसे सुलझाएगा। विश्लेषकों ने गौर किया कि कई सबसे विवादास्पद मुद्दों को शुरूआती ढांचे में सुलझाने के बजाय भविष्य की बातचीत के लिए छोड़ दिया गया लगता है। यह संभावित समझौता महीनों की लड़ाई के बाद हुआ है, जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य में शिपिंग को बाधित किया, वैश्विक ऊर्जा बाजारों को हिला दिया और व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष का डर बढ़ा दिया।

## डेमोक्रेट्स ने ज्यादा पारदर्शिता की मांग की

हालांकि, डेमोक्रेट्स ने ज्यादा पारदर्शिता की मांग की और व्हाइट हाउस से आग्रह किया कि किसी भी अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले कांग्रेस को जानकारी दी जाए। सांसदों ने सवाल उठाए कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में ढील और क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में क्या प्रतिबद्धताएं की गई हैं। आलोचकों का तर्क था कि समझौते की डिटेल जारी करने से पहले ही उसकी घोषणा कर देने से देश के भीतर और अमेरिकी सहयोगियों के बीच अनिश्चितता पैदा हो गई है।

# गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर पंचकूला में होगा राज्यस्तरीय समारोह

## 18 जून को इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित होगा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे शिरकत



पंचकूला/यूटर्न/15 जून। सिखों के पांचवें गुरु, गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर 18 जून को पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में सेक्टर-1 स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. प्रभलीन सिंह ने बताया कि गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर आयोजित यह राज्यस्तरीय कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में सिख संगत, संत-महापुरुष और गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

# श्री दंडी स्वामी मंदिर में 30 दिवसीय महामंत्र जाप महोत्सव संपन्न



लुधियाना/यूटर्न/15 जून। सिविल लाइंस स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में अधिक मास के उपलक्ष्य में आयोजित 30 दिवसीय महामंत्र जाप महोत्सव सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह महोत्सव 17 मई से 15 जून तक पंडित राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर मंदिर परिसर हरिनाम संकीर्तन से गूंज उठा। 'लेते जाना रे हरि का नाम थोड़ा-थोड़ा' और 'नाम रस मीठा रे भाई' जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। महोत्सव में श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल, श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल, श्री हरिनाम संकीर्तन मंडल, श्री गोपाल क्लब सहित विभिन्न धार्मिक संस्थाओं ने हाजिरी लगाई।

इस अवसर पर पंडित राज कुमार शर्मा ने कहा कि अधिक मास में किया गया जाप, भजन और सेवा विशेष फलदायी होती है। उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से एकचित होकर महाराज के चरणों में प्रार्थना करता है, उसकी झोली कृपा से भर जाती है।

उन्होंने बताया कि 25 जून को निर्जला एकादशी पर मंदिर के बाहर सुबह 9 से रात 9 बजे तक मीठे जल की छबील लगाई जाएगी।

# चंडीगढ़ जिला बार एसोसिएशन के चुनाव 11 सितंबर को, बार काउंसिल ने जारी किया शेड्यूल




चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा ने चंडीगढ़ सहित पंजाब और हरियाणा की सभी जिला बार एसोसिएशनों के लंबित चुनाव कराने की घोषणा कर दी है। इसके तहत जिला बार एसोसिएशन, चंडीगढ़ के चुनाव अब 11 सितंबर 2026 को आयोजित किए जाएंगे। करीब छह महीने से विभिन्न कारणों से लंबित पड़े इन चुनावों के लिए बार काउंसिल ने विस्तृत चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। अधिसूचना के अनुसार सभी बार एसोसिएशनों को निर्धारित चुनावी प्रक्रिया और नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। जारी कार्यक्रम के मुताबिक मतदाता सूची तैयार करने, आवश्यक शपथ पत्र जमा कराने और सदस्यता शुल्क से संबंधित औपचारिकताएं पूरी करने के लिए 16 जुलाई तक का समय निर्धारित किया गया है। वहीं पात्र मतदाताओं की अंतिम सूची 31 जुलाई तक बार काउंसिल को भेजनी होगी। इसके बाद 13 अगस्त को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि सूची पर आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 20 अगस्त तक का समय दिया गया है। बार काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और नियमों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी। चुनाव प्रचार को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कोर्ट परिसर में बड़े चुनावी कार्यक्रमों, पोस्टर-बैनर और अन्य पारंपरिक प्रचार माध्यमों पर रोक रहेगी। इसके स्थान पर ह्लपेपरलेस ग्रीन कैंपेनह्व को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप बार एसोसिएशनों में महिला अधिवक्ताओं को कम से कम 30 प्रतिशत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है।

## चुनावी सरगर्मियां तेज

लंबे समय से चुनाव टलने के कारण चंडीगढ़ जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अब चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद विभिन्न पदों के संभावित उम्मीदवारों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। आने वाले दिनों में बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।

# मौलीजागरां डिस्पेंसरी में विशेष टीबी-एचआईवी जांच शिविर आयोजित



चंडीगढ़/यूटर्न/15 जून। राज्य टीबी यूनिट और स्वास्थ्य विभाग, यूटी चंडीगढ़ द्वारा सोमवार को मौलीजागरां डिस्पेंसरी में विशेष टीबी-एचआईवी सहयोगात्मक जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद मनीष तिवारी ने किया। इस अवसर पर हरमिंदर सिंह लक्की भी मौजूद रहे। सांसद मनीष तिवारी ने अपने संबोधन में तपेदिक (टीबी) और एचआईवी की समय पर जांच एवं उपचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और चंडीगढ़ स्टेट एड्स कण्ट्रोल सोसाइटी द्वारा लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल सुपरिंटेंडेंट-सह-जॉइंट डायरेक्टर तथा सीएसएसीएस की प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ सदभावना पंडित ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा प्रोत्साहित 'ब्रेक फ्री' ऐप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ऐप लोगों को गोपनीय तरीके से अपने एचआईवी जोखिम का आकलन करने और समय पर जांच व उपचार सेवाओं से जुड़ने में मदद करता है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372